THU,13 AUGUST 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 1

# डी.एल.एड. स्पोर्ट्स कोटे में 46 खिलाड़ी पात्र

धर्मशाला, 12 अगस्त (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि डी.एल.एड. सी.ई.टी.-2026 (सत्र 2026-28) की स्पोर्ट्स काउंसलिंग में 46 अभ्यर्थियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के तहत पात्र पाया गया है।



5 और 6 अगस्त को हुई काउंसलिंग के लिए 85 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें 61 ने दस्तावेजों का सत्यापन करवाया। जांच में 46 अभ्यर्थी स्पोर्ट्स कोटे के लिए योग्य पाए गए, जबकि वैध खेल प्रमाण-पत्र नहीं देने वाले और अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स कोटे से बाहर कर मेन कैटेगरी में शामिल किया गया। मेन कैटेगरी में शामिल 39 अभ्यर्थियों में 17 उत्तीर्ण और 22 अनुत्तीर्ण रहे। बोर्ड ने संशोधित परिणाम व मैरिट सूची जारी कर दी है। डा. राजेश शर्मा ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और मैरिट सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीट आबंटन और आगामी काउंसलिंग की जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट देखते रहें।

**Divya Himachal Dt.13-08-2026**

# डीईएलएड के लिए 46 खिलाड़ी योग्य

## स्पोर्ट्स काउंसिलिंग पूरी, 85 अभ्यर्थियों में से 61 ने लिया हिस्सा, गैरहाजिरों की पात्रता रद्द



दिव्य हिमाचल ब्यूरो— धर्मशाला

[illegible]

Amar Ujala Dt.13-08-2026

# खेल कोटे से 46 को डीएलएड में प्रवेश

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से डीएलएड सीईटी-2026 (सत्र 2026-28) की स्पोर्ट्स काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के तहत 46 खेल प्रतिभाओं को प्रवेश के लिए पात्र पाया गया है।

बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में दस्तावेज सत्यापन के लिए 85 अभ्यर्थियों को बुलाया था। इनमें से 61 अभ्यर्थी ही सत्यापन प्रक्रिया में शामिल हुए, जबकि 24 अनुपस्थित रहे। बोर्ड ने संशोधित परिणाम और मेरिट सूची जारी कर दी है। संवाद

Dainik Jagran Dt.13-08-2026

# डीएलएड के लिए 46 खेल प्रतिभाएं पात्र

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा के नेतृत्व में डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 ( सत्र 2026-2028 ) की खेल परामर्श प्रक्रिया संपन्न हो गई है। डा. शर्मा ने बताया कि उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के तहत 46 खेल प्रतिभाओं को डीएलएड में प्रवेश के लिए पात्र पाया गया है। इन अभ्यर्थियों को खेलकूद के निर्धारित अंकों का लाभ मिलेगा। बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में 5 और 6 अगस्त को प्रमाण-पत्र सत्यापन के लिए 85 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 61 ने दस्तावेजों का सत्यापन करवाया, जबकि 24 अनुपस्थित रहे। दस्तावेजों की जांच के बाद 61 में से 46 अभ्यर्थियों को खेल श्रेणी के तहत योग्य घोषित किया गया। डा. शर्मा ने स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों ने वैध खेल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किए या परामर्श प्रक्रिया में अनुपस्थित रहे, उनकी खेल श्रेणी की पात्रता समाप्त कर दी गई है। ऐसे अभ्यर्थियों को मुख्य श्रेणी में शामिल किया गया है। कुल 39 अभ्यर्थियों को मुख्य श्रेणी में रखा गया, जिनमें 17 उत्तीर्ण और 22 अनुत्तीर्ण रहे। (जासं)

Himachal Dastak:13-08-2026

# डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए 46 खेल प्रतिभाएं पात्र

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि डीएलएड प्रवेश परीक्षा-2026 की खेल प्रतिभा परामर्श प्रक्रिया में 46 अभ्यर्थियों को खेल कोटे के तहत पात्र पाया गया है। 5 और 6 अगस्त को आयोजित परामर्श प्रक्रिया के लिए 85 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 61 उपस्थित हुए। दस्तावेजों की जांच के बाद 46 अभ्यर्थी योग्य पाए गए, जबकि अनुपस्थित रहने और वैध खेल प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य श्रेणी में शामिल किया गया। मुख्य श्रेणी के 39 अभ्यर्थियों में 17 उत्तीर्ण और 22 अनुत्तीर्ण रहे। बोर्ड ने संशोधित परिणाम और मेरिट सूची जारी कर दी है। अध्यक्ष ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और योग्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।